**AH-1421 CV-19**
**M.A. (Final)**
**Term End Examination, 2019-20**
**HINDI**
**Paper-I**
काव्यशास्त्र एवं साहित्यलोचन

**Time: Three Hours** [Maximum Marks: 100]
[Minimum Pass Marks:36

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित है।

1. "वाक्य रसात्मक काव्यम"–आचार्य विश्वनाथ के इस कथन के संदर्भ में काव्य के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए। 15

अथवा

काव्य हेतु एवं काव्य प्रयोजन को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

अथवा

साधारणीकरण से आप क्या समझते है?

2. प्लेटो के काव्य सिद्धांत की समीक्षा कीजिए? 15

अथवा

क्रौंचे के अभिव्यंजनावाद को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

लौंजाइनस के उदात्त संबंधी विचारों का विस्तार से वर्णन करते हुए उदात्त के प्रमुख तत्वों को स्पष्ट कीजिए।

3. स्वच्छन्दतावाद के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए स्वच्छन्दवाद की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 15

अथवा

हिन्दी आलोचना की प्रमुख प्रवृत्तियों पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए।

अथवा

मार्क्सवाद अथवा मनोविश्लेषणवाद पर सारगर्भित लेख लिखिए।

4. हिन्दी समीक्षा के विकास में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की समीक्षा पद्धति पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

आलोचना से आप क्या समझते है? इसके प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

अथवा

निम्नलिखित काव्यांश की समीक्षा कीजिए।

रुदन का हंसना ही तो गान।
गा–गाकर रोती है, मेरी हृदय तन्त्री तान।
मोड़ मसक है कसक हमारी और गमक है हूति।
चातक की हुत–हृदय हूति जो, सो कोयल की कूक।
राग है सब मूर्छित आसान।
रुदन का हंसना ही तो गान।

5. निम्नलिखित में से किन्ही पांच पर टिप्पणियां लिखिए– 20
   1. अलंकार के तत्व
   2. लक्षण काव्य परम्परा
   3. रस का स्वरूप
   4. अस्तित्ववाद
   5. रीति सम्प्रदाय
   6. वक्रोक्ति के भेद
   7. प्लेटो का अनुकरण सिद्धांत
   8. शैली विज्ञान
   9. अभिव्यंजनावाद
   10. रस निष्पत्ति

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं बीस प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 20
   1. रस सम्प्रदाय के प्रवर्तक का नाम क्या है?
   2. भरतमुनि ने कितने रस माने है?
   3. साधारणीकरण सिद्धांत के अविष्कारक आचार्य कौन है?
   4. भट्टभट्ट ने रस का स्थान कहां माना है?
   5. रस को व्यंजना व्यापार किसने कहां है?
   6. अलंकार संप्रदाय के प्रवर्तक कौन थे?
   7. रीति सम्प्रदाय के प्रवर्तक का नाम बताइए।
   8. काव्य गुणों की संख्या कितनी है?
   9. वीर रस प्रधान रचना में कौन सा गुण प्रधान होता है?
   10. औचित्य सिद्धांत के प्रवर्तक आचार्य कौन है?
   11. ध्वनि को काव्य की आत्मा किस आचार्य ने माना है?
   12. अलंकारों में चमत्कार की जननी किसे कहा गया है?
   13. शांत रस का स्थायी भाव क्या है?
   14. किस रस को रसराज की संज्ञा दी गई है?
   15. स्वच्छन्तावाद का जन्मदाता कौन है?
   16. अरस्तू के ग्रंथ का नाम क्या है?
   17. मूल्य सिद्धांत के प्रमुख व्याख्याकार कौन है?
   18. विवेचन सिद्धांत के प्रमुख व्याख्याकार कौन है?
   19. "वाक्य रसात्मक काव्यम" किस आचार्य का कथन है?
   20. यमक अलंकारका एक उदाहरण दीजिए।
   21. रौद्र रस का स्थायी भाव क्या है?
   22. रस सिद्धांत नामक ग्रंथ के रचयिता कौन है?
   23. ध्वन्यालोक ग्रंथ की रचना किसने की है?
   24. सम्प्ट ने रीति को क्या नाम दिया है?

http://www.abvvonline.com
http://www.abvvonline.com